

# ओंकारेश्वर में रसूखदारों की महफिल पर पुलिस का छापा

**मांधाता विधायक प्रतिनिधि समेत 8 जुआरी गिरफ्तार, 68 हजार नकद जब्त**

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में पुलिस ने मंगलवार देर रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए रसूखदारों के जुए के अड्डे का भंडाफोड़ किया है। मांधाता पुलिस ने ओंकारेश्वर के होटल त्रिनेत्रम के कमरा नंबर 406 में दबिश देकर हार-जीत का दांव लगाते हुए 8 जुआरियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में मांधाता विधायक नारायण पटेल का आधिकारिक प्रतिनिधि और भाजपा नेता शिवचरण रावत भी शामिल है। पुलिस ने मौके से फड़ पर रखे 68 हजार रुपए नकद भी जब्त किए हैं।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार को होटल के पार्टनर राहुल शर्मा का जन्मदिन था। इसी बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए ओंकारेश्वर के कई रसूखदार होटल कारोबारी और अन्य लोग इकट्ठा हुए थे। पार्टी की आड़ में ही जुए की महफिल सजाई गई थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश दी और सभी आरोपियों को दबोच कर थाने ले आई।

पुलिस कार्रवाई में पकड़े गए सभी आरोपी ओंकारेश्वर के रसूखदार और होटल कारोबार से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। गिरफ्तार किए गए जुआरियों में ब्रह्मपुरी निवासी मांधाता विधायक प्रतिनिधि शिवचरण रावत, बालवाड़ी निवासी गोपीचंद यादव, वार्ड क्रमांक 15 निवासी और होटल त्रिनेत्रम का रजिस्टर्ड मालिक मोहन गांगलेकर, वार्ड क्रमांक 15 निवासी पंडित भगवानप्रसाद मिश्रा, पुनर्वास निवासी मुकेश गोलकर, शिवशिवाधाम कॉलोनी निवासी वृंदावन ऊर्फ महेश पाठक, ओंकारधाम कॉलोनी निवासी योगेश चौबे और बालवाड़ी निवासी अभिषेक अत्रे शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है और शांतिभंग की धारा में नोटिस भी थमाया गया है।



इस पूरी कार्रवाई के बीच पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप हैं कि दबिश के दौरान होटल के पार्टनर राहुल शर्मा और बिजली कंपनी के कर्मचारी सूरज परिहार को पुलिस ने छोड़ दिया और उन्हें आरोपी नहीं बनाया गया।

इन आरोपों पर पुलिस का तर्क है कि दबिश पार्टी शुरू होने से पहले ही दे दी गई थी। पुलिस के मुताबिक, होटल का रजिस्टर्ड मालिक मोहन गांगलेकर है, जिसे गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि राहुल शर्मा केवल पार्टनर है। एमपीईबी कर्मचारी के मौके पर न मिलने की बात कहते हुए पुलिस ने यह भी अंदेशा जताया है कि तीन मंजिला होटल के उस कमरे में एक बड़ी खिड़की थी, जिसका फायदा उठाकर कुछ लोग भागने में सफल रहे होंगे।

# शिवाजी प्रतिमा अनावरण में मुख्य अतिथि होंगी साध्वी ऋतुंभरा



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** शहर के शिवाजी चौक पर जल्द ही छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया जाना प्रस्तावित है।

इस ऐतिहासिक अनावरण समारोह और आयोजित होने वाली विशाल धर्मसभा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए साध्वी ॠतंभरा को निमंत्रण दिया गया है।खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने ओंकारेश्वर कोठी स्थित आश्रम पहुंचकर साध्वी ॠतंभरा से औपचारिक भेंट की। मुलाकात के दौरान विधायक ने उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया और कार्यक्रम में पधारने का विशेष आग्रह किया। विधायक के इस विनम्र आग्रह पर साध्वी ॠतंभरा ने अपनी स्वीकृति प्रदान करते हुए अनावरण समारोह में उपस्थित होने का आश्वासन दिया है।विधायक ने साध्वी से धर्मसभा को संबोधित करने का भी अनुरोध किया है, ताकि जिले के श्रद्धालु उनके विचारों से लाभान्वित हो सकें। आयोजन से जुड़े प्रतिनिधिमंडल का मानना है कि उनका यह प्रवास संपूर्ण निमाड़ अंचल के लिए आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध होगा। इस अवसर पर विधायक के साथ समाजसेवी राकेश बंसल, त्रिलोक पटेल, प्रतिमा अनावरण समिति के संरक्षक डॉ अनीश अर्जरे, अध्यक्ष राहुल नामदेव, डॉ शैलेंद्र, गोवर्धन गोलानी, सौरभ श्रीवास, दुर्गेश शर्मा व विनोद मंगवानी नागरिक उपस्थित थे।

**एक नजर में**

## पीएम किसान हितग्राहियों के लिए ई-केवाईसी जरूरी

**खंडवा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी किसानों के लिए वार्षिक बायोमेट्रिक ई-केवाईसी अपडेट कराना अनिवार्य है। ई-केवाईसी नहीं कराने पर योजना की आगामी किस्त मिलने में परेशानी आ सकती है।भू-संसाधन प्रबंधन शाखा के प्रभारी अधिकारी दिनेश सावले ने सभी हितग्राही किसानों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पहुंचकर जल्द से जल्द ई-केवाईसी अपडेट कराएं, ताकि उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ बिना किसी बाधा के मिलता रहे।

## 24 घंटे में खालवा व पुनासा में 2-2 मिमी बारिश

**खंडवा।** जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान औसतन 0.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। भू-अभिलेख कार्यालय के अनुसार खालवा और पुनासा तहसीलों में 2-2 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि खंडवा, नया हरसूद और पंधाना तहसीलों में वर्षा दर्ज नहीं की गई। जिले में इस वर्ष अब तक औसतन 448.8 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है, जो पिछले वर्ष 31 जुलाई तक दर्ज 326.4 मिलीमीटर औसत वर्षा से अधिक है। तहसीलवार अब तक की वर्षा में खंडवा में 537 मिमी, खालवा में 534 मिमी, पंधाना में 467 मिमी, नया हरसूद में 360 मिमी तथा पुनासा में 346 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में मानसून की स्थिति सामान्य बनी हुई है।

## किसानों को राहत, मूंग-उड़द उपार्जन की तारीख बढ़ी

**खंडवा।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग ने किसानों के हित में दो महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द उपार्जन की समय-सीमा बढ़ा दी है। अब मूंग उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 10 अगस्त तथा मूंग-उड़द उपार्जन की अंतिम तिथि 20 अगस्त निर्धारित की गई है। विभाग के अनुसार, प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के तहत किसानों को स्लॉट बुकिंग के समय आधार कार्ड, मोबाइल नंबर और पंजीयन संबंधी आवश्यक जानकारी दर्ज करानी होगी, ताकि उपार्जन प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके। वहीं, उपार्जन नीति में संशोधन कर मूंग की खरीद किसानों के कुल उत्पादन के 60 प्रतिशत तक किए जाने का प्रावधान किया गया है। प्रदेश सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त उड़द उपार्जन पर 600 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने का भी निर्णय लिया है। इससे किसानों को बेहतर मूल्य मिलने के साथ प्रदेश में दलहन उत्पादन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राही अपना ई-केवाईसी अपडेट करवा लें

**खंडवा ।** भारत सरकार द्वारा पी एम किसान सम्मान निधि योजनाम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत हितग्राहियों को निरन्तर लाभ लेने हेतु वार्षिक बायोमेट्रिक ई-के वाय सी अपडेट करवाना अनिवार्य किया गया है । भू-संसाधन प्रबंधन, शाखा के प्रभारी अधिकारी श्री दिनेश सावले ने पी एम किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित होने वाले सभी हितग्राही कृषको से अनुरोध किया है कि वे अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर अपना ई केवाईसी अपडेट करवा लें, ताकि उन्हें इस योजना का लाभ निरंतर मिलता रहे।

# 7 अगस्त से शुरू होगा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** नागरिकों से सीधा संवाद और समस्याओं का प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का शुभारंभ 7 अगस्त से होगा। अभियान के तहत खंडवा जिले में अधिकारियों का पहला दौरा खालवा विकासखंड के ग्राम सुंदरदेव से शुरू किया जाएगा। प्रभारी कलेक्टर डॉ नागार्जुन गौड़ा ने बताया कि 7 अगस्त को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अधिकारी ग्राम सुंदरदेव में रहकर ग्रामीणों से सीधे संवाद करेंगे। इस दौरान वे गांव में संचालित शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण करेंगे, ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे तथा मौके पर ही उनके निराकरण का प्रयास करेंगे।उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सुंदरदेव एवं आसपास की ग्राम पंचायतों में सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी के तहत लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि अभियान के दौरान लोगों को राहत मिल सके। प्रभारी कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करेंगे। इस दौरान हितग्राही मूलक योजनाओं की जमीनी स्थिति की समीक्षा, पात्र हितग्राहियों से संवाद तथा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। अभियान का उद्देश्य केवल शिकायतों का समाधान करना नहीं, बल्कि शासन और आमजन के बीच विश्वास को मजबूत करना भी है। अभियान के दौरान अधिकारी बच्चों में दागना प्रथा तथा कुपोषण विषय पर भी ग्रामीणों से संवाद करेंगे। वे दागना जैसी कुप्रथा के दुष्परिणामों की जानकारी देंगे तथा बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और समय पर उपचार के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे।

# जलवायु परिवर्तन व स्वास्थ्य पर दिया प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।



प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी डॉ योगेश शर्मा ने जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ रहे स्वास्थ्य जोखिमों तथा उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने हीटवेव की पहचान, बचाव और प्राथमिक उपचार, वायु प्रदूषण, बाढ़ और सूखे का मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव, डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम और निगरानी सहित जलवायु परिवर्तन से जुड़ी बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न स्वास्थ्य चुनौतियों के प्रति जागरूक करना और आपदा जैसी परिस्थितियों में प्रभावी स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए तैयार करना था।

# तंबाकू नियंत्रण पर चिकित्सा अधिकारियों को प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बुधवार को सिविल सर्जन कार्यालय के मीटिंग हॉल में जिले के चिकित्सा अधिकारियों को तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभाव और रोकथाम संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी जुगतावत ने चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान की जानकारी देकर उन्हें तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करें। प्रशिक्षण के दौरान जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ रश्मि कौशल और जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह सोलंकी भी उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी डॉ सुजीत वर्मा ने बताया कि चबाने वाले तंबाकू का बढ़ता उपयोग गंभीर चिंता का विषय है। तंबाकू के सेवन से मुख कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियां हो रही हैं, इसलिए इसके दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है।उन्होंने कहा कि तंबाकू एक धीमा जहर है, जिससे कोई लाभ नहीं बल्कि कैंसर सहित अनेक गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता है। इसके कारण न केवल मरीज को शारीरिक और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, बल्कि पूरा परिवार भी प्रभावित होता है। इसलिए समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से तंबाकू मुक्त वातावरण बनाने की आवश्यकता है।

# एंजेल्स प्लेनेट में जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता संपन्न

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** एंजेल्स प्लेनेट स्कूल के एडवांस कैंपस में बुधवार को जिला स्तरीय शालेय तैराकी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी तैराकी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न आयु वर्गों में रोमांचक मुकाबले हुए।



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन अब इंदौर संभाग स्तरीय शालेय तैराकी प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जहां वे खंडवा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।विद्यालय के डायरेक्टर रितेश गोयल, प्रमोद पुरी और दर्पण सकलेचा ने विजेता एवं चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

विद्यालय की प्राचार्या डोना ईम्स ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों और आयोजन समिति को बधाई देते हुए चयनित खिलाड़ियों को संभागीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में विद्यालय की कोऑर्डिनेटर शेफाली गंगराड़े तथा खेल शिक्षक सत्यम खर्चवाल, ज्योति वालंजकर, दीपक कुमरावत और आयुष चावरे का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता के सुव्यवस्थित आयोजन की प्रतिभागियों और उपस्थित अतिथियों ने सराहना की।

# एसएन कॉलेज में आईसीआईसीआई बैंक की प्लेसमेंट ड्राइव

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा आईसी आईसीआई बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर पद के लिए दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।



महाविद्यालय के प्राचार्य सोमपाल सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव का उद्देश्य विद्यार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप करियर निर्माण के लिए प्रेरित करना है। चयन प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों का पंजीयन, दस्तावेज़ सत्यापन, लिखित एवं ऑनलाइन परीक्षा तथा साक्षात्कार आयोजित किए गए, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ दिलीप पाटीदार ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में 89 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें से लगभग 60 विद्यार्थियों के दस्तावेज़ों का सत्यापन किया गया और 29 अभ्यर्थी ऑनलाइन परीक्षा में शामिल हुए। एनआईआईटी अधिकारी अमित अग्रवाल के अनुसार करीब 15 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार दिया है, जबकि अंतिम चयन प्रक्रिया अभी जारी है। प्राचार्य ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# भगवान हाटकेश्वर का पूजन-अभिषेक संपन्न

नवभारत न्यूज

**राई।** सावन माह के प्रथम सप्ताह में ग्राम अमलपुरा स्थित दशोरा धर्मशाला में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान हाटकेश्वर का विधि-विधान से पूजन एवं अभिषेक किया गया। धार्मिक अनुष्ठान के बाद भगवान की आरती की गई तथा श्रद्धालुओं को प्रसादी एवं स्वल्पाहार वितरित किया गया।समाज के वरिष्ठ अशोक दशोरे ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के सभी बंधुओं एवं महिला मंडल की सक्रिय सहभागिता रही। श्रद्धालुओं ने भगवान हाटकेश्वर से सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ।




# जिला जेल में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिला जेल खंडवा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 269 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। सभी बंदियों की हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन से जांच भी की गई।



जिला क्षय अधिकारी डॉ एसएस. राठौड़ ने बताया कि जेल अधीक्षक डीके सारस के सहयोग से आयोजित इस शिविर का उद्देश्य बंदियों में टीबी सहित अन्य संक्रामक रोगों की समय पर पहचान, जांच और उपचार सुनिश्चित करना है। इससे टीबी मुक्त भारत अभियान को गति मिलेगी और संक्रमण की रोकथाम में मदद मिलेगी। शिविर में परामर्शदाता जितेन्द्र प्रजापति, एक्स-रे टेक्नीशियन जावेद हुसैन तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बंदियों को टीबी के लक्षण, बचाव और समय पर उपचार के महत्व की जानकारी भी दी।

**एक नजर में** | ओंकारेश्वर पावर स्टेशन के दौरे के दौरान

# एनएचडीसी अध्यक्ष ने किया पौधरोपण, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर।** एनएचडीसी लिमिटेड के अध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता ने ओंकारेश्वर पावर स्टेशन के दौरे के दौरान परियोजना परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और सतत भविष्य का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन के लिए ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं।



पौधरोपण के बाद अध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता का ओंकारेश्वर पावर स्टेशन में गरिमामय स्वागत किया गया। परियोजना प्रमुख डीके द्विवेदी ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-स्वरूप पौधा भेंट कर अभिनंदन किया। वहीं, एनएचडीसी के प्रबंध निदेशक ओमप्रकाश का भी स्वागत किया गया। ओंकारेश्वर पावर स्टेशन लेडीज क्लब की अध्यक्षा अंजना द्विवेदी ने एनएचपीसी लेडीज वेलफेयर समिति की अध्यक्षा शिखा गुप्ता तथा एनएचडीसी लेडीज क्लब की अध्यक्षा गीता चौधरी का भी स्वागत किया।

अध्यक्ष ने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से अधिकाधिक पौधे लगाने तथा उनकी जिम्मेदारीपूर्वक देखरेख करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रबंध निदेशक ओमप्रकाश ने भी पौधरोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एनएचडीसी स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा हरित और स्वच्छ भविष्य के निर्माण के लिए विभिन्न पहलें संचालित कर रही है।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख डी.के. द्विवेदी, महाप्रबंधक (विद्युत) विनोद शर्मा, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) पी. सत्यमूर्ति, महाप्रबंधक (ओ एंड एम) विनोद कुमार सिंह, महाप्रबंधक (सिविल) संजय कुमार सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।